हरिभूमि

# विंध्य भूमि

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

जबलपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

login : www.haribhoomi.com



**खबर संक्षेप**

### प्रिज्म की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का एनसीसीबीएम द्वारा आयोजित पीटी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला ने एनसीसीबीएम द्वारा आयोजित पीटी कार्यक्रम में उत्कृष्ट दक्षता का प्रदर्शन किया। एनएबीएल से मान्यता प्राप्त प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला ने बल्लभगढ़ स्थित राष्ट्रीय सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री परिषद् (एन सीसी बीएम) द्वारा आयोजित नवीनतम प्रवीणता परीक्षण (पीटी) कार्यक्रम में उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम में ओपीसी और पीपीसी सीमेंट और चूनापत्थर के रासायनिक और यांत्रिक मापदंडों का मूल्यांकन किया गया। असाधारण सटीकता का प्रदर्शन करते हुए प्रयोगशाला ने सभी परीक्षण किये गए मापदंडों लिए एक से कम का जेड-स्कोर प्राप्त किया। यह स्कोर दर्शाता है कि प्रयोगशाला की परीक्षण सटीकता सीमेंट उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। यह उपलब्धि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाला सीमेंट प्रदान करने और विश्लेष्णात्मक विश्वसनीयता के उच्चतम मानको को बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ) राकेश जैन, (प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड) मनीष कुमार सिंह एवं डॉ.मनीष कुमार सिन्हा(हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर) ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्पाद और सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति एकजुटता व्यक्त की है। उपरोक्त आशय कि जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के देवेन्द्र मिश्रा डीजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

### RPL 2026: मेगा फाइनल में आज उचेहरा+मैहर और जीआरपी +आरपीएफ के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित RPL 2026 का महा-मुकाबला आज सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। इस रोमांचक फाइनल में पांच बार की चैंपियन RPF+GRPऔर एक बार की विजेता उचेहरा+मैहर एकादश आमने-सामने होंगी। मैच की तैयारियों के लिए सचिव यादवेंद्र सिंह,नीरज राज और पूरी कमेटी ने पिच को अंतिम रूप दे दिया है। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एईन रशीद अहमद,राजेश तिवारी,नरेंद्र सिंह सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। क्रिकेट प्रेमियों के बीच इस कांटे की टक्कर को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मैहर में 'विधायक कप' लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज से आगाह

**मैहर।** मैहर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित भव्य लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट (विधायक कप) का शुभारंभ 22 फरवरी 2026,रविवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे,जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी करेंगी। टूर्नामेंट के संरक्षक समोद घई और अध्यक्ष सुधीर घई ने बताया कि इस आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों ने जिले के खेल प्रेमियों और आम जनता से अपील की है कि वे 1 मार्च तक चलने वाले इस खेल उत्सव में भारी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

### जिला शांति समिति की बैठक 24 को

**कटनी।** आगामी पर्वों व त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 24 फरवरी को शाम 4 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में होली धुरेड़ी, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, जवारा विसर्जन एवं चैत्र नवरात्रि, चेट्री चंड झूलेलाल जयंती और ईद-उल-फितर त्यौहारों के गरिमापूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी।

## दाम में 'डाका', मुनाफे की 'बाढ़'

# सतना में गुटखा की कालाबाजारी: आसमान पर दाम

**सतना।**

विंध्य की धरा सतना में इन दिनों विकास की बयार बहे न बहे,लेकिन गुटखे की पीक का सैलाब जरूर उमड़ रहा है। जिले की करीब 24 लाख की आबादी में नशे का गणित इतना खौफनाक है कि आंकड़े सुनकर किसी के भी होश फाख्ता हो जाएं। जिले में रोजाना लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये की गाढ़ी कमाई धुएं और थूक में उड़ाई जा रही है।



जीएसटी टैक्स बढ़ने का बहाना बनाकर सतना के गुटखा माफियाओं ने लूट का खुला लाइसेंस ले लिया है। आलम यह है कि पैकेट पर अंकित पुराना रेट महज एक दिखावा रह गया है। 5 वाला गुटखा 10 में और 10 वाला 15 रुपए में धड़ल्ले से बिक रहा है। सबसे ज्यादा बिकने वाला 40 रुपए का प्रीमियम गुटखा अब 50 रुपए की 'जबरन वसूली' के साथ मिल रहा है।

### मुनाफे का खेल देखिए

कंपनी से जो 'झाल' (थोक स्टॉक) 33,000 रुपए में मिलता था,उसे अब बिना किसी नए एमआरपी के 43,000 रुपए में बेचा जा रहा है। यानी एक जाल पर सीधे 10,000 रुपए की अवैध कमाई! यह व्यापार नहीं,बल्कि सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर डाका है।

### कुंभकर्णी नींद में जिम्मेदार विभाग

हैरानी की बात यह है कि इस लूट पर नापतोल विभाग और प्रशासन का रवैया 'शुतुरमुर्ग' जैसा है। अधिकारी कह रहे हैं कि शिकायत मिलेगी तब कार्रवाई करेंगे। सवाल यह है कि क्या सड़कों पर सरेआम हो रही इस कालाबाजारी को देखने के लिए किसी लिखित शिकायत का इंतजार जरूरी है? अचानक कार्रवाई न करने की दलील ने विभागीय मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या प्रशासन माफियाओं को अपना बोरिया-बिस्तर समेटने का समय दे रहा है?

### सिर्फ पैसा नहीं,जान भी दांव पर

यह सिर्फ आर्थिक नुकसान का मामला नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार,सतना के ग्रामीण और शहरी इलाकों में लोग गुटखे के इस कदर आदी हो चुके हैं कि वे इसे दबाकर सो जाते हैं। इससे न केवल भूख मर रही है,बल्कि कैंसर और पाचन तंत्र की बीमारियों ने घर कर लिया है।एक तरफ लोग अपनी गाढ़ी कमाई और सेहत लुटा रहे हैं,तो दूसरी तरफ दुकानदार और बिचौलिए प्रशासन की नाक के नीचे चांदी काट रहे हैं। यदि समय रहते इस 'सिंडिकेट' को नहीं तोड़ा गया,तो यह नशे की लत जिले की आने वाली पीढ़ी को खोखला कर देगी।

### इनका कहना है-

जीएसटी टैक्स बढ़ा है उसे समझाना पड़ेगा लेकिन अगर कोई अंकित रेट से अधिक मूल्य का प्रोडक्ट बेच रहा है तो यह गलत है शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक गौर,इंस्पेक्टर,**
**नापतोल विभाग सतना।**



## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किए मां शारदा के दर्शन और अस्पताल का निरीक्षण

**मैहर।**

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मैहर प्रवास के दौरान मां शारदा देवी मंदिर में सपरिवार विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना की। इस दौरान स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। पूजन के पश्चात उपमुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की,जहाँ सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद,उपमुख्यमंत्री और विधायक ने मैहर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूति वार्ड और इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों से सुविधाओं व दवाओं की उपलब्धता पर फीडबैक लिया।उपमुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही मिलनी चाहिए और परिसर में स्वच्छता का उच्च स्तर बनाए रखा जाए। उन्होंने मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने और रेफरल सेवाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया।



## एकेएस यूनिवर्सिटी में 'बायोक्रिएशन–2026' का भव्य समापन




**सतना**

एकेएस यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय समिट 'बायोक्रिएशन-2026'का समापन उत्साह,नवाचार और उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस आयोजन ने शोध,विज्ञान और उद्यमिता को एक सूत्र में पिरोते हुए विद्यार्थियों को सीखने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। समापन सत्र में पीसा विश्व विद्यालय,इटली के अनुसंधान फेलो प्रशांत कुमार शर्मा (पीएचडी) ने कैपेसिटिव बायोसेंसर विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रोस्टेट कैंसर की जांच में इसकी उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। उनका उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा को स्पष्ट करने वाला रहा। इसके पश्चात प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने सीएसआईआर-एमप्रि,भोपाल के डायरेक्टर एवं आउटस्टैंडिंग प्रोफेसर डॉ.थल्लादा भास्कर का स्वागत किया। डॉ.भास्कर ने लिग्नोसेलुलोजिक बायोमास के औद्योगिक उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और कार्बन रिडक्शन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन कर उन्हें व्यावहारिक सुझाव भी दिए। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 1000, द्वितीय को 700 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 500 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।'बायोक्रिएशन-2026' का यह समापन न केवल प्रतिभाओं का उत्सव बना,बल्कि ए के एस यूनिवर्सिटी में शोध,नवाचार और उद्यमिता की सशक्त संस्कृति का प्रतीक भी सिद्ध हुआ।

## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने धारकुण्डी आश्रम में टेका मत्था, स्वामी सच्चिदानंद जी की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन





**सतना।**

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने शनिवार को सुप्रसिद्ध धारकुण्डी आश्रम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आध्यात्मिक शांति के केंद्र धारकुण्डी पहुंचकर परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समाधि दर्शन के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने आश्रम स्थित गुरु गद्दी के दर्शन किए और प्राचीन गुफा का भी अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं और वहां के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे,जिनमें मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह गहरवार विधायक,चित्रकूट, डॉ.सतीश कुमार एस कलेक्टर,हंसराज सिंह पुलिस अधीक्षक,अनिल जायसवाल पूर्व स्पीकर,नगर निगम अखंड प्रताप सिंह एवं बालेंद्र गौतम आदि शामिल हैं।आश्रम परिसर में श्री तोमर के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण भी उपस्थित रहे, जिनसे उन्होंने संक्षिप्त भेंट की।

## सेंट्रल सिन्धी पंचायत का ग़मी परिवारों के साथ होली गुलाल कार्यक्रम 2 मार्च को



**सतना।** सेंट्रल सिन्धी पंचायत संस्था की मुख्य शाखा और क्षेत्रीय मुख्य सेवा प्रभारी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सेन्ट्रल सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनोहर वाधवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी आयोजन समाज की उपस्थिति में ग़मी परिवारों के साथ गुल गुलाल का होता आया है उसके लिये रूप रेखा तय कर स्वीक्रति प्रदान की गई। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम पूज्य ब्राह्मण समाज,पूज्य संत समाज,संरक्षक मंडल,सम्मानीय वरिष्ठ समाज,सक्रिय युवा समाज,संस्था के सम्मानित सदस्यों,संस्था की सीएसपी मातृशक्ति टीम,की गरिमामई उपस्थिति में समाज के ग़मी परिवारों के सदस्यों, रिस्तेदारों,को सांत्वना का संबल प्रदान कर,गुल गुलाल (पुष्प,अबीर) लगा कर खुशियों में शामिल किया जायेगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजकुमार बजाज ने दी। समाज में जिनके यहाँ पुरुष या महिला सदस्य के रूप में ग़मी होती है वह सभी अपने अपने पारिवारिक सदस्यों,रिश्तेदारों के साथ इस आयोजन में शामिल होते है,आयोजन में संस्था की सीएसपी महिला शक्ति टीम द्वारा गमी परिवारों की महिलाओं के लिये भी अलग से व्यवस्था की जाती है,यह आयोजन श्री झूलेलाल मन्दिर प्रांगण बजरहा टोला में शाम 3.30 बजे से दिनांक 2/3/26 दिन सोमवार को आयोजित होना है। आयोजन के दौरान संस्था द्वारा विगत वर्ष में समाज हित के लिये की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला जायेगा। संस्था द्वारा गमी परिवारों, परम पूज्य ब्राह्मण समाज,संत समाज,वरिष्ठ समाज को ससम्मान पत्रक भेज कर आयोजन में शामिल होने की सूचना भेजी जाती है।

**मझगवां में प्रशासन को खुली चुनौती!**

## एसडीएम ने हटवाया था अतिक्रमण, वहीं फिर सजी 'अवैध' गुमटी



**सतना।** तहसील कार्यालय के बाहर प्रशासन के इकबाल को चुनौती देने का मामला सामने आया है। लगभग तीन माह पूर्व एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर (आईएएस) ने तत्परता दिखाते हुए कार्यालय के मुख्य द्वार और आसपास से अवैध गुमटियों का अतिक्रमण हटवाया था। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा था और सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया था। हैरानी की बात यह है कि आज सुबह उसी स्थान पर फिर से एक नई गुमटी रख दी गई है। यह घटना सीधे तौर पर प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना और कानून का मजाक उड़ाती प्रतीत हो रही है। अब क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बन गया है कि क्या यह गुमटी किसी विशेष अनुमति के तहत रखी गई है या फिर भू-माफिया और अतिक्रमणकारी एक बार फिर सक्रिय होकर अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं।सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जिस जांबाज अधिकारी ने स्वयं खड़े होकर अतिक्रमण साफ करवाया था,क्या अब उन्हीं की आंखों के सामने उनके पुराने आदेशों को रौंदकर दोबारा कब्जा कर लिया जाएगा? क्या स्थानीय प्रशासन फिर से इस अवैध गतिविधि पर मूक दर्शक बना रहेगा,या महिपाल सिंह गुर्जर के कड़े तेवर एकबार फिर इन अतिक्रमणकारियों पर भारी पड़ेंगे?

### बेल्दरा पंचायत में नाली निर्माण में अनियमितता: ग्रामीणों ने की शिकायत



**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेल्दरा में नाली निर्माण कार्य विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि वार्ड क्रमांक 5 में लगभग 6.03 लाख रुपये की लागत से बन रही नाली का निर्माण मजदूरों के बजाय 'फ्लोरी मशीन' से कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मशीन के उपयोग से न केवल स्थानीय मजदूरों का रोजगार छिन रहा है,बल्कि निर्माण की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। आरोप है कि सरपंच,सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से प्राक्कलन के विरुद्ध कम सीमेंट और रेत का उपयोग कर गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस 'ठेका पद्धति' पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सतना-अमरपाटन मार्ग पर रफ्तार का तांडव:

# अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, पिकअप-कार की भिड़ंत में तीन महिलाएं गंभीर

**सतना। विभिन्न मार्गों पर पिछले 24 घंटों के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही ने जमकर कहर बरपाया। कहीं कार अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी,तो कहीं गलत दिशा से आ रही पिकअप ने कार के परखच्चे उड़ा दिए। राहत की बात यह रही कि कई बड़े हादसों में लोगों की जान बाल-बाल बच गई,हालांकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।**

### भटनवारा मोड़: दुकान में जा घुसी बारातियों की कार

रीवा से इटमा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार भटनवारा मोड़ पर काल बनकर दौड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कार की गति इतनी अधिक थी कि चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलटते हुए सड़क से करीब 10 मीटर दूर स्थित एक हार्डवेयर दुकान के भीतर जा घुसा। दुकान के अगले हिस्से को काफी क्षति पहुंची है। कार सवार बारातियों को केवल मामूली चोटें आईं। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।





### एन एच-30 कटहा मोड़: गलत साइड से आई पिकअप ने कार को मारी टक्कर

अमरपाटन थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-30 पर बारी (कटहा) मोड़ के पास शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहाँ गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही हाईवे एंबुलेंस 1033मौके पर पहुंची और घायलों को अमरपाटन सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



### कोठी मार्ग: पलटा गिट्टी लदा ट्रक

कोठी थाना अंतर्गत पोड़ी मोड़ पर शनिवार सुबह करीब 6:00 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। गिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने यात्री प्रतीक्षालय को तोड़ते हुए पलट गया। चूंकि हादसा सुबह जल्दी हुआ था,इसलिए प्रतीक्षालय में कोई यात्री मौजूद नहीं था,अन्यथा कई जानें जा सकती थीं।

### अन्य हादसे: बाइकों की सीधी भिड़ंत

अमरपाटन-रीवा रोड बाईपास तिराहे पर दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हुई। इस हादसे में धौरहरा निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है,जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# समाज हित में जे.के. सीमेन्ट कंपनी की सराहनीय पहल

**पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली और अधिक होगी प्रभावी तथा जन सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया बल- डीआईजी विजय कुमार खत्री**

**सड़क सुरक्षा के महत्व में हेलमेट का उपयोग तथा इस पहल की प्रसंषा - एसपी श्रीमती निवेदिता नायडू**

**जे0के0 सीमेन्ट पन्ना केवल उद्योगिक उत्पादन तक सीमित नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास सुरक्षा एवं कल्याण के लिये निरंतर प्रतिबद्ध है -युनिट हेड जे0के0 सीमेन्ट कपिल अग्रवाल**

पन्ना अमान गज





जे0के0 सीमेन्ट पन्ना द्वारा पुलिस विभाग को 5 नई बोलेरो एवं 4 लेपटॉप कंपनी के आईटीआई परिसर में गरिमामय एतिहासिक आयोजन के दौरान किये गये भेंट जहां जे0के0 सीमेन्ट की यह पहल उद्योग के साथ-साथ जिले के विकास व सुरक्षा में कहीं न कहीं सहयोग की भूमिका को लेकर नई दिषा लेकर जानी जा रही है पुलिस विभाग में संसाधन को लेकर जहां ये 5 बोलेरो गाड़ी व 4 लेपटॉप जहां कंपनी की तकनीकी व परिवहन व्यवस्था में सतत चौकसी को लेकर जानी जायेगी पन्ना में बदलाव के लिये समाज हित में जे0के0 सीमेन्ट कंपनी की सोच सतत अग्रसर दिषा को लेकर तत्पर मानी जा रही है।

सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत जे0के0 सीमेन्ट पन्ना द्वारा कंपनी के आईटीआई परिसर में जहां एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन करते हुये पुलिस विभाग को 5 नई बोलेरो गाड़ियां 4 कम्प्यूटर लेपटॉप भेंट किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस, आईजी श्रीमती हिमानी खन्ना की मौजूदगी में वहीं आईपीएस डीआईजी विजय कुमार खत्री एवं आईपीएस निवेदिता नायडू एसपी पन्ना की विषिष्ठ आतिथ्य में जहां ये पांच नई बोलेरो गाड़ियों की चाबी व चार कम्प्यूटर लेपटॉप जो भेंट किये गये जिससे यह पहल जिले की पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था को समय पर सुदृद्ध करने के लिये तथा गतिषीलता बढाने एवं तकनीकी रूप से ससक्त दिषा तय करने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जायेगा। गौरतलब बात यह है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस आईजी श्रीमती हिमानी खन्ना वहीं विषिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस डीआईजी विजय कुमार खत्री एवं आईपीएस श्रीमती निवेदिता नायडू की विषिष्ट अतिथियों के रूप में गरिमामयी उपस्थिती रही। जे0के0 सीमेन्ट कंपनी की ओर से युनिट हेड कपिल अग्रवाल कार्यक्रम में विषेष रूप से जहां उपस्थित रहे संपूर्ण कार्यक्रम की बात करें तो सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा द्वारा सफल व्यवस्थापन एवं समन्वय की दिषा तय करते हुये सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण के साथ कियागया जो पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके पष्चात नई 5 नई बोलेरो वाहनों का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण के तौर पर ऑपचारिक रूप से वाहनों को पुलिस विभाग को सुपुर्द किया गया वहीं इस अवसर पर कंपनी की संस्थापक स्व0 यदुपति सिंघानिया जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके सामाजिक मूल्यों एवं राष्ट निर्माण में योगदान को स्मरण किया गया। सीएसआर कार्यों का विस्तृत रूप से प्रस्तुततीकरण कार्यक्रम के दौरान कंपनी के द्वारा क्षेत्र में संचालित विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्वों कार्यों का विस्तृत रूप से संचालन के दौरान प्रजेटेंषन सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें षिक्षा स्वास्थ्य खेल प्रोत्साहन जनजाति कल्याण पर्यावरण संरक्षण सड़क सुरक्षा एवं सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों को विस्तार से जानकारी देते हुये साझा किया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से यह बताया गया कि कंपनी ओद्योगिक विकास के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि को भी समान महत्व देती है हेलमेट वितरण एवं सम्मान समारोह सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढावा देने के उद्देष्य से हेलमेट वितरण का कार्यक्रम भी विषिष्ट अतिथियों को कंपनी की ओर से स्मृति चिन्ह मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब बात तो यह रही कि मुख्य अतिथि की आषिंदी से अपने उद्बोधन में आईपीएस आईजी श्रीमती हिमानी खन्ना ने कहा कि पुलिस विभाग को प्राप्त यह वाहन एवं लेपटॉप निष्चित रूप से कार्य क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली एवं प्रषासनिक दक्षता को मजबूत करेंगे। उन्होंने उद्योग एवं प्रषासन के सहयोग को समाज हित में सराहनीय पहल बताया वहीं विषिष्ट अतिथि के रूप में डीआईजी विजय कुमार खत्री (आईपीएस) ने कहा कि आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता से पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनेगी तथा जनसुरक्षा व्यवस्था को नया बल मिलेगा। वहीं विषिष्ट अतिथि आईपीएस निवेदिता नायडू एसपी पन्ना ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाष डालते हुये हेलमेट के उपयोग को अनिवार्य बताया और कंपनी की इस पहल की भूरि-भूरि प्रसंषा की तथा कंपनी के युनिट हेड कपिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जे0के0 सीमेन्ट पन्ना केवल उद्योगिक उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि समाज के समग्र विकास सुरक्षा एवं कल्याण के लिये निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्षन के साथ-साथ कार्यक्रम का समापन हुआ यह आयोजन उद्योग और पुलिस प्रषासन के ससक्त समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा तथा जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने की दिषा में बढते हुये कदम के रूप में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

**खबर संक्षेप**



## विश्व पैंगोलिन दिवस पर दक्षिण पन्ना वनमंडल ने जारी की कार्ययोजना

**पन्ना।** विश्व पैंगोलिन दिवस 2026 (21 फरवरी) के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा भारतीय पैंगोलिन के संरक्षण हेतु वनकर्मियों के लिए रणनीतियाँ एवं कार्ययोजना पर एक संक्षिप्त मार्गदर्शिका जारी की गई। इस नोट में पैंगोलिन के आवास संरक्षण, सक्रिय बिलों की पहचान एवं निगरानी, दीमक व चींटी जैसे भोजन स्रोतों के संवर्धन, गश्त सुदृढ़ीकरण तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण उपायों पर विशेष बल दिया गया है। भारतीय पैंगोलिन की स्थिति अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा श्रेणी में दर्ज है, जिससे इसके संरक्षण की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारतीय पैंगोलिन को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूचीदृ1 के अंतर्गत सर्वोच्च कानूनी संरक्षण प्राप्त है, जो बाघ के समान स्तर का है। इसके शिकार, व्यापार या किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान है, जिसमें अधिकतम 7 वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माना शामिल है। दक्षिण पन्ना वनमंडल का उद्देश्य है कि वैज्ञानिक प्रबंधन, सुदृढ़ निगरानी एवं जनसहभागिता के माध्यम से भारतीय पैंगोलिन के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## दक्षिण पन्ना में विश्व के सबसे तेज़ उड़ान वाले पक्षी पेरेग्रीन फाल्कन का अवलोकन

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत पवई उपवनमण्डल में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर श्री सागर सोनी द्वारा आज गिद्ध गणना के दौरान पेरेग्रीन फाल्कन का



सफलतापूर्वक अवलोकन किया गया। यह अवलोकन क्षेत्र की जैव विविधता के लिए उत्साहजनक माना जा रहा है। वन विभाग के अनुसार गिद्ध गणना के दौरान अन्य पक्षियों के साथ इस दुर्लभ एवं तेज़ गति वाले शिकारी पक्षी की उपस्थिति क्षेत्र के स्वस्थ पारिस्थितिक संतुलन का संकेत है। पेरेग्रीन फाल्कन विश्व के सबसे तेज़ उड़ान भरने वाले पक्षियों में से एक है, जो शिकार करते समय गोता लगाते हुए लगभग 300 किमी प्रति घंटा तक की गति प्राप्त कर सकता है। यह पक्षी अपनी तीक्ष्ण दृष्टि और तेज़ शिकार कौशल के लिए प्रसिद्ध है तथा प्रायः ऊँची चट्टानों, पहाड़ियों या ऊँचे वृक्षों के आसपास पाया जाता है। वन विभाग ने इस अवलोकन को महत्वपूर्ण बताते हुए पक्षी संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



## श्री विद्यासागर गौशाला में संपन्न हुई आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ की आहार चर्या



**पवई।** बुंदेलखंड के प्रथम जैनाचार्य ,समाधि सम्राट एवं त्याग तपस्या साधना की साक्षात मूर्ति 108 श्री विरागसागर महा मुनिराज के शिष्य चर्या शिरोमणि पट्टाचार्य परम पूज्य 108 आचार्यश्री विशुद्धसागर ससंघ का पैदल मंगल विहार छत्तीसगढ़ से लगातार बिना रुके म0प्र0 के पन्ना जिले में स्थित जैन तीर्थ श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रेयांशगिरि एवं पंच कल्याणक प्रतिष्ठा ,गजरथ महोत्सव सलेहा की ओर चल रहा हैं। सभी जगह धर्म प्रभावना की ज्योति प्रज्वलित करते हुए शनिवार को प्रातः 9 बजे आर्य का रत्न 105 विजिज्ञासा श्री माताजी ससंघ एवं श्री विद्यासागर गौरक्षा संवर्धन समिति द्वारा गौशाला में नगर वासियो एवं समस्त जैन समाज पवई द्वारा भव्य अगवानी करते हुए आहारचार्य कराई गई,इसके उपरांत आचार्य श्री का मंगल उद्बोधन भी प्राप्त हुआ। इसके बाद महाराज श्री पवई नगर पहुंचे जहां झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर में कुछ क्षण रुकने के बाद नारायणपुरा के लिए निकले,पवई नगर में जगह-जगह धर्म प्रेमियों के द्वारा महाराज श्री का स्वागत पूजन अर्चना एवं वंदन करते हुए आशीर्वाद लिया।

# एसआईआर मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर पन्ना जिले में 7 लाख 50 हजार 769 मतदाता पंजीकृत**

**प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत बढ़े 14 हजार 837 मतदाता**

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल की बैठक में दी जानकारी**





पन्ना।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पन्ना जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत शनिवार को पन्ना, पवई एवं गुनौर विधानसभा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दल की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जानकारी दी गई कि 21 फरवरी को एसआईआर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन उपरांत जिले में कुल 7 लाख 50 हजार 769 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि इसके पहले 23 दिसम्बर को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची में 7 लाख 35 हजार 932 मतदाता दर्ज थे। एसआईआर घोषणा तिथि 27 अक्टूबर की स्थिति में 7 लाख 76 हजार 76 मतदाता शामिल थे। सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन की अवधि में शुद्ध रूप से कुल 14 हजार 837 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत विभिन्न चरणों में संपन्न कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश मुताबिक सफल रूप से संपन्न हुई एसआईआर की समस्त गतिविधियों में निर्वाचन कार्य में संलग्न लोकसेवकों सहित सभी राजनैतिक दल का सहयोग भी सराहनीय रहा है। बैठक में राजनैतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी को बूथ लेवल एजेन्ट तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई। बैठक में विधानसभावार फोटोरहित मतदाता सूची की सीडी का वितरण किया गया। साथ ही फोटोयुक्त मतदाता सूची का सेट भी प्रदान किया गया। इस दौरान निरंतर रूप से नवीन नाम जोड़ने, निरसन और संशोधन के संबंध में अवगत कराया गया। बताया गया कि जिले में कुल एक हजार 4 मतदान केन्द्र हैं। एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि निर्धारित थी। इस दौरान नवीन नाम जोड़ने के लिए 17 हजार 399 आवेदन स्वीकृत हुए, जबकि निरसन के लिए 2 हजार 122 आवेदन तथा आवश्यक संशोधन के लिए 6 हजार 357 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। अंतिम मतदाता सूची अनुसार पवई विधानसभा में सर्वाधिक 2 लाख 77 हजार 144 मतदाता हैं। इनमें एक लाख 48 हजार 208 पुरूष मतदाता एवं एक लाख 28 हजार 936 महिला मतदाता शामिल हैं। गुनौर विधानसभा में एक लाख 22 हजार 834 पुरूष एवं एक लाख 5 हजार 653 महिला मतदाता सहित कुल 2 लाख 28 हजार 487 मतदाता हैं। इसी तरह पन्ना विधानसभा में 2 लाख 45 हजार 138 मतदाता शामिल हैं। इनमें एक लाख 32 हजार 152 पुरूष मतदाता, एक लाख 12 हजार 985 महिला मतदाता तथा एक अन्य मतदाता शामिल है। पन्ना विधानसभा में 185, पवई में 41 और गुनौर में 89 सर्विस वोटर्स हैं। एसआईआर प्रक्रिया में जिले के तीन विधानसभा अंतर्गत लॉजिकल डिसक्रिपेंसी एवं नो मैपिंग के एक लाख 46 हजार 466 नोटिस जारी कर तामील करवाए गए एवं सुनवाई का अवसर प्रदान कर प्रारंभिक सूची के आधार पर एक हजार 547 नाम विलोपित करने की कार्रवाई की गई। राजनैतिक दल की बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित भारतीय जनता पार्टी से आशीष तिवारी एवं राजेश गुप्ता, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजबहादुर पटेल, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी एस.बी. रमन और आम आदमी पार्टी से अंजली यादव उपस्थित रहीं।

# पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध थाना मडला में की वैधानिक कार्यवाही

**आरोपियों के कब्जे से 8 पशु एवं 1 पिकप वाहन सहित करीब 8 लाख 50 हजार रूपये का मशरूका जप्त**

पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों, पशु क्रूरता एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर विधिवत कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी मडला उनि रचना पटेल द्वारा थाना क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 21/02/26 को मुखबिर द्वारा अवैध पशु परिवहन के संबंध में सूचना दी गई।

मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा थाना मड़ला के सामने शिव मंदिर के पास सघन वाहन चेकिंग की गई। कुछ समय पश्चात संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन पर बंधी तिरपाल हटाकर निरीक्षण करने पर संकीर्ण स्थान में 06 नग भैंस एवं 02 नग पड़ा को मुँह एवं पैर रस्सियों से बांधकर निर्दयता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर अमानवीय तरीके से भरा हुआ पाया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक एवं साथ में बैठे एक अन्य व्यक्ति का नाम पता पूँछा गया जो वाहन चालक ने अपना नाम शहजाद खान पिता सलीम खान उम्र 31 वर्ष निवासी चम्पत पिपरिया थाना दमोह देहात जिला दमोह तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम फहीम कुरैशी पिता उस्मान कुरैशी उम्र 38 वर्ष निवासी बजरिया वार्ड क्रमांक 07 कसाई मंडी दमोह थाना कोतवाली दमोह को होना बताया । पुलिस टीम द्वारा मामले में विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से कुल 08 नग भैंस/पड़ा कीमती लगभग 2,50,000/- एवं पिकअप वाहन क्रमांक डच्51ळ1860 कीमती लगभग 6,00,000/- सहित कुल लगभग 8,50,000/- का मशरूका जप्त किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना मडला में अप.क्र. 7/26 धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, धारा 3(5) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री** - कुल 08 नग भैंस/पड़ा कीमती लगभग 2,50,000/- एवं पिकअप वाहन कीमती लगभग 6,00,000 /- सहित कुल लगभग 8,50,000/- का मशरूका जप्त किया गया।

**सराहनीय योगदान** - उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मडला श्रीमति रचना पटेल के साथ सउनि वृन्दावन प्रजापति, प्रआर0 मिलन कोंदर, रामकरण, आर0 बाबू साहू, राजपाल यादव, राहुल अहिरवार, निरंजन पांडे महिला आर0 रश्मी पटेल और अन्जना यादव का सराहनीय योगदान रहा है।

## सिद्ध आश्रम बगोहा में आस्था का सैलाब उमड़ा, 24 को भंडारा

पन्ना।





गत मंगलवार से पन्ना जिले के सिद्ध आश्रम बगोहा में आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ है। गृहस्थ संत बगोहा वाले महाराज जी के पावन सानिध्य में 17 फरवरी 2026 से सात दिवसीय अखंड रामधुन का भव्य शुभारंभ किया गया है।

### भक्तों की अटूट आस्था का केंद्ररू सिद्ध आश्रम बगोहा

मडला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस सिद्ध स्थल पर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहाँ श्रद्धा भाव से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना सिद्ध बाबा की कृपा से पूर्ण होती है। महाराज जी के भक्तों के अनुसार, इस दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता; जहाँ निरूसंतान दंपत्तियों को संतान सुख की प्राप्ति हुई है, वहीं निर्धनों के कष्ट दूर होकर उन्हें धन-धान्य का आशीर्वाद मिला है।

### कार्यक्रम का विवरण और मार्ग

समापन एवं भंडारा सात दिवसीय इस भक्तिमय आयोजन का समापन 24 फरवरी को एक विशाल भंडारे के साथ होगा। प्रमुख उपस्थिति - इस महोत्सव में केवल पन्ना ही नहीं, बल्कि खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़ और आसपास के कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। कैसे पहुँचें- आश्रम पहुँचने के लिए श्रद्धालु पन्ना-छतरपुर मुख्य मार्ग पर स्थित हरसा गेट का मार्ग ले सकते हैं। हजारों भक्तों का मार्गदर्शन करने वाले महाराज जी के इस आश्रम में वर्तमान में राम नाम की गूँज है, जो पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर रही है।

## पवई कटनी मार्ग पर दो मोटर साइकिल की भिड़ंत, दो घायल

पवई।



शनिवार शाम पवई कटनी बाईपास मार्ग के पास दो मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत होने से दो लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार जाहर चौधरी निवासी महेड़ा जो किसी कार्य से कटनी की ओर जा रहा था,मोटरसाइकिल की बाईपास पर भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल उच 35 उह 6115 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों घायलों को 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।



# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का समापन

पन्ना।

गृह विभाग के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला स्तर पर 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का गत शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में भूकंप पूर्व तैयारी व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बचाव व आवश्यक सावधानियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान कर बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी कुशल सिंह गौतम एवं जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय भी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## चंदला में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 25 फरवरी को

**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई.टी.आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 25 फरवरी 2026 बुधवार को प्रातः 11 बजे से चंदला शासकीय महाविद्यालय (लवकुशनगर रोड) जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियों भाग ले सकते हैं। इस मेले में 8वी से स्नातक, आई.टी.आई योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, एसबीआई लाईफ छतरपुर, गेल इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स लि. गुना, एमसीसी पीथमपुर इंदौर, एलआईसी सागर, एजुवांटेज प्रा. लिमिटेड छतरपुर, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट नोएडा, टीएसपीएल ग्रुप एन पुणे, अरविंद लिमिटेड गांधीनगर गुजरात, याजुकी इंडिया प्रा. लिमिटेड भोपाल एवं पलक सिक्योरिटी छतरपुर आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। विभिन्न पदों हेतु वेतनमान योग्यतानुसार लगभग 8 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह है।

### खजुराहो में स्वर्णिम इतिहास, कला और संस्कृति की अनूठी त्रिवेणी: मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

# सात दिवसीय 52वें खजुराहो नृत्य समारोह का भव्य शुभारंभ

छतरपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खजुराहो नृत्य समारोह ईश्वर की साधना को समर्पित शास्त्रीय नृत्य, सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विश्व पटल पर मध्यप्रदेश की पहचान अंकित करने का सर्वोत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि खजुराहो ने अपनी ऐतिहासिक धरोहरों, मंदिरों, बुंदेली कला, संस्कृति एवं विश्व विख्यात नृत्य समारोह से मध्यप्रदेश को विश्व में एक अनूठी एवं अलग पहचान दिलाई है। खजुराहो नृत्य समारोह शास्त्रीय नृत्य कला के साधकों के लिये अपनी साधना को प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम के बड़े से बड़े कलाकार इस खजुराहो नृत्य समारोह में शामिल होने के लिए लालायित रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 52वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा भारत के तमाम बड़े बड़े कलाकारों ने खजुराहो नृत्य समारोह में अपनी उपस्थिति देकर प्रदेश और कला जगत को गौरान्वित किया है। उन्होंने कहा कि नृत्य की यह परंपरा भगवान शिव और विष्णु से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शास्त्रीय नृत्यों का सृजन भगवान की साधना के लिए किया गया है। जैसे कथकली में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन और गतिविधियों को दिखाया जाता है। इसी तरह भगवान नटराज ने नृत्य का सृजन किया है। नटराज की मूर्ति हमें कला के उस दौर तक ले जाती है जहां आदि संस्कृति हमारी सनातन संस्कृति के साथ जुड़ती हुई दिखाई देती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अगर कहीं पत्थरों में भी प्राण पाए जाते हैं तो वह स्थान खजुराहो है। उन्होंने कहा कि खजुराहो की स्थापत्य कला को देखने पर लगता है कि वह आज भी जीवंत हैं। खजुराहो के देवालयों में अद्भुद शिल्प के उदाहरण देखने को मिलते हैं। बुंदेलखंड की धरती पावन और पवित्र है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां की कला बुन्देलखंड के इतिहास को



पुनस्थापित करती हुई दिखाई देती है। बुन्देलखंड की माटी शौर्य, पराक्रम और संस्कृति के लिए जानी जाती है। बुन्देलखंड की माटी का अलग ही महत्व है। खजुराहो में स्वर्णिम इतिहास, कला और संस्कृति की अनूठी त्रिवेणी स्थित है। आज खजुराहो अपनी अलग ही पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि कला संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकार के द्वारा लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय के द्वारा मध्यप्रदेश में कला संस्कृति के संरक्षण के लिए अनेक प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। वीसी के माध्यम से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भले मैं शरीर से दूर हूं परंतु आत्मा से खजुराहो में ही उपस्थित हूं। इस दौरान उन्होंने कला साधकों, अतिथियों एवं दर्शकों का धन्यवाद किया।

खजुराहो नृत्य शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि संकल्प, साधना, आध्यात्म और चिंतन की इस भूमि को मैं नमन करता हूं। भगवान कंदरिया महादेव को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह में देश-विदेश से आए कलाकारों, प्रबुद्धजनों, कलासाधकों का इस नृत्य समारोह में, मैं स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह भारत की सांस्कृतिक विरासत की आत्मा का जीवंत उत्सव है। संस्कृति मंत्री ने कहा कि विश्व धरोहर स्थल और शौर्य, सांस्कृतिक साधना की भूमि कंदरिया महादेव और जगदंबा मंदिर की दिव्य आभा में आयोजित है। यह नृत्य समारोह सांस्कृतिक साधना और सौंदर्य की त्रिवेणी के रूप में भारत की गौरवशाली संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य परंपरा को वैश्विक मंच प्रदान करता है।

समारोह को क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह का मंच हमारे लिए महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह में सहभागिता निभाने के लिए आए देश के प्रबुद्ध कलाकारों का मैं स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार खजुराहो के विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है। समारोह को संबोधित करते हुए अपर मुख्यसचिव संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि खजुराहो नृत्य उत्सव ने विगत वर्षों में कई विश्वस्तरीय रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि खजुराहो नृत्य उत्सव सतत रूप से लोकप्रियता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय नृत्यों और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खजुराहो में बाल नृत्य समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है तथा बच्चों के लिए खजुराहो में नृत्य के अभ्यास के लिए अलग प्रांगण उपलब्ध कराया गया है।

उद्बोधन के पूर्व प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद खजुराहो संसदीय क्षेत्र विष्णुदत्त शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने भगवान नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर 52वें खजुराहो नृत्य समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक राजनगर अरविन्द पटैरिया, अध्यक्ष नगर पालिका अरुण कुमार अवस्थी, कलेक्टर पार्थ जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## छतरपुर के बैडमिंटन कोर्ट में उतरे मंत्री-विधायक, खिलाड़ियों में भरा जोश



**छतरपुर।** शहर के स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में आज से खेल का नया रोमांच शुरू हो गया है। द्वितीय छतरपुर प्रीमियर लीग बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुक्रवार को आतिशबाजी और तालियों की गडगड़ाहट के बीच शानदार शुभारंभ हुआ। खास बात यह रही कि उद्घाटन करने पहुँचे राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक ललिता यादव और जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अर्जरिया ने खुद भी रैकेट थामकर बैडमिंटन खेला, जिसे देख खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बताया कि यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक चलेगा। इसमें न केवल मध्य प्रदेश के सागर, टीकमगढ़ और पन्ना बल्कि उत्तर प्रदेश के महोबा, बांदा और झांसी जैसे जिलों की दिग्गज टीमें भी शिरकत कर रही हैं। आयोजकों का लक्ष्य है कि बुंदेलखंड की इस जमीनी प्रतिभा को निखारा जाए ताकि यहाँ के खिलाड़ी भविष्य में स्टेट और नेशनल लेवल पर छतरपुर का झंडा गाड़ सकें।

शुभारंभ अवसर पर राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार और विधायक ललिता यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं। अतिथियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रीमियर लीग के जरिए छतरपुर को नए बैडमिंटन सितारे मिलेंगे।

पूरा स्टेडियम खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों से खचाखच भरा हुआ है। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में बुंदेलखंड अंचल की सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। स्थानीय प्रशासन और खेल समिति के सामूहिक सहयोग से हो रहा यह आयोजन शहर की खेल संस्कृति में एक नया अध्याय जोड़ रहा है।

## नौगांव थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से मारपीट, कई घायल



**छतरपुर।** नौगांव थाना अंतर्गत ग्राम सिगरन कला में शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जोरदार मारपीट की घटना हुई। आरोप है कि हरिश्चंद्र कुशवाहा और देवेंद्र कुशवाहा ने परमलाल कुशवाहा पिता पूतन कुशवाहा, उम्र 42 वर्ष को उनके घर के सामने लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया।

घटना के बाद परमलाल कुशवाहा की बहू मालती कुशवाहा ने बताया कि यह विवाद पुराना है। उन्होंने कहा कि लगभग 6 महीने पहले भी हमारे ससुर के साथ इसी तरह की मारपीट हुई थी, जिसमें पड़ोस के ही हरिश्चंद्र कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा और अभिषेक कुशवाहा ने लाठियां चलाई थीं। इस घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें पप्पू कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, अंशुल कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, चंदू कुशवाहा और उमेश कुशवाहा शामिल हैं। घायलों को पैरों और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नौगांव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई थी और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।



## परिवार के साथ मारपीट, पीड़ित पक्ष पहुँचा एसपी कार्यालय

**छतरपुर। शनिवार को ग्राम मनिया निवासी एक परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचा और मारपीट की घटना को लेकर लिखित शिकायत सौंपी। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि गांव में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी अचानक कुछ लोगों ने उन पर हमला बोल दिया।**

रामकुमार पटेल ने शिकायत में बताया कि गांव के ही रामकुमार पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, राजू पटेल, ठाकुरदास पटेल, नीरज पटेल सहित करीब 12 लोगों ने उनके परिवार पर हमला किया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि रेखा पटेल और उसकी बेटियों ने भी मारपीट में हिस्सा लिया। हमले के दौरान महिलाओं के कान में गंभीर चोट आई है। कुल छह लोग घायल बताए जा रहे हैं।

पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने कट्टे की बट और कुल्हाड़ी जैसे हथियारों से हमला किया, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने आगे कहा कि राजनगर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद एफआईआर में आरोपियों के नाम बदल दिए गए हैं। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति पर गंभीर आरोप, परियोजना अधिकारी से हुई शिकायत

**छतरपुर।** परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें ग्राम चुरयारी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा शुक्ला पत्नी शिवकुमार शुक्ला पर फर्जीवाड़े और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता शुभम निगम पुत्र संतोष निगम निवासी चुरयारी ने दावा किया है कि मीरा शुक्ला ने शासन के साथ छल-कपट करके अपात्र होते हुए भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। शिकायत के अनुसार मीरा शुक्ला ने नियुक्ति के समय केवल 16 वर्ष 8 माह की आयु में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को प्रभावित कर या धोखा देकर अपना नाम प्रस्तावित करवा लिया था। मध्य प्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के नियमों के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। ज्वाइनिंग आदेश मिलने के समय उनकी आयु मात्र 17 वर्ष 7 माह बताई गई है, जो स्पष्ट रूप से अर्हता मानदंडों का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता शुभम निगम ने आगे आरोप लगाया कि मीरा शुक्ला ने अपनी प्राथमिक परीक्षा की मार्कशीट में भी धोखाधड़ी की है। मार्कशीट में कुल अंक 84 अंकित हैं, जबकि गणित में 4 अंकों का ग्रेस मिलने पर कुल 88 अंक होने चाहिए थे, लेकिन इसे छिपाया गया। इससे उनकी योग्यता और प्रमाण-पत्रों पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा मीरा शुक्ला द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र का ठीक से संचालन नहीं किया जा रहा है। बच्चों को समय पर पोषण आहार वितरित नहीं किया जाता और कर्तव्यों की अनदेखी की जाती है। जब ग्रामीण शिकायत करते हैं, तो उनके पति द्वारा डराया-धमकाया जाता है। शुभम निगम ने विभागीय अधिकारी से मांग की है कि मीरा शुक्ला की नियुक्ति रद्द की जाए, फर्जीवाड़े की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# शताब्दी मतदाता सम्मानः 100+ वर्षीय वरिष्ठ मतदाताओं को घर जाकर किया सम्मानित

### लोकतंत्र की पवित्र परंपरा को मजबूत करने जिला निर्वाचन एवं कांग्रेस ने किया

**छतरपुर।** मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिले में लोकतंत्र की मजबूती और वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान का अनुपम उदाहरण पेश किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं कांग्रेस पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में शताब्दी मतदाता सम्मान कार्यक्रम के तहत 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रियासत कालीन लाल कडक्का मंदिर की पुजारिन श्रीमती बसंती बाई चतुर्वेदी 103 वर्ष, वार्ड नं. 24 तथा श्रीमती अमना खातून 105 वर्ष, वार्ड नं. 23 को शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर गौरवान्वित किया गया। दोनों शतायु मतदाताओं ने मतदान के प्रति अपनी दीर्घकालिक निष्ठा दिखाई है, जो लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्देश्य शतायु मतदाताओं का सम्मान कर



लोकतंत्र की पवित्र श्रृंखला को और गौरवपूर्ण बनाना था। इस मौके पर नायब तहसीलदार शशांक जैन, कु. आस्था चौबे, जिला संगठन महासचिव संतोष तिवारी, कांग्रेस प्रदेश सचिव अनीस खान, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश बाबू खरे, समाजसेवी लखन लाल सोनी, संजय अग्निहोत्री, नरेंद्र चतुर्वेदी, दिल्लाराम अहिरवार एवं मन्नूलाल बेलदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा जुआ



**छतरपुर।** पुलिस द्वारा जुआ सट्टा खेलने वालों एवं संचालन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा पुलिस टीम गठित की गई है। थाना गढ़ीमलहरा पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम ऊजरा में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम ग्राम ऊजरा संबंधित स्थान पर पहुंची।

चबूतरे में संचालित जुंवा के फड़ में जुआ खेल रहे 4 जुआरी देवेन्द्र कुशवाहा पिता कल्लू कुशवाहा, रामप्रकाश कुशवाहा पिता गनेशीलाल कुशवाहा, लच्छी कुशवाहा पिता हलकाई कुशवाहा , कोमल सिंह यादव पिता लोकपाल यादव सभी निवासी ग्राम ऊजरा, थाना गढीमलहरा से एवं जुआ के फड़ से 10700 रुपये नगद राशि बरामद की गई। अभियुक्तों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी गढ़ीमलहरा निरीक्षक रीता सिंह, प्रधान आरक्षक बृजेश यादव, प्रदीप तिवारी, आरक्षक प्रेमचंद्र, अभिलाष, योगेश एवं टीम की भूमिका रही।

## सब्बल से मारपीट करने वाले आरोपीगण को 10 वर्ष कारावास एवं अर्थदंड को सजा

**छतरपुर।** लोहे की सब्बल से मारपीट के मामले में तृतीय अपर जिला न्यायालय ने आरोपी अनुदीप उर्फ अभि एवं नंदराम चौरसिया को 10 - 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर 2019 को फरियादी शांतिबाई और उसके ससुर हरप्रसाद चौरसिया मोटे हार मौजा महाराजपुर के खेत पर पहुंचे, तो नंदराम चौरसिया ने उसका खेत जुतवा लिया था। आरोपी नंदराम और उसका लड़का अभि चौरसिया अपने खेत में खड़े थे, तब उसने कहा कि उसका खेत क्यों जुतवा लिया है तो दोनों लोग हाथों में सब्बल लेकर उसकी तरफ आये और मां बहिन की बुरी -बुरी गालियां देते हुये बोले कि तेरा यहां कोई खेत नहीं है। फरियादिया ने गाली देने से मना किया तो सब्बल उसके सिर में मारी, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा और उसके ससुर हर प्रसाद उसे बचाने दौड़े तो अभि चौरसिया एवं नंदराम चौरसिया ने जान से मारने की नीयत से ससुर की सब्बलों से मारपीट कर दी। मारपीट से उसके ससुर हरप्रसाद जमीन पर गिर गये, वह चिल्लाती रही और दूर खेत वाले देखते रहे थे। फिर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये थे। तत्पश्चात उसके ससुर ने 100 नंबर को फोन लगाया और 100 नंबर में बैठकर वे लोग सरकारी अस्पताल छतरपुर इलाज हेतु आ गये थे। देहाती नालशी जिला चिकित्सालय छतरपुर में लेख की गई, जिसके आधार पर थाना महाराजपुर में अपराध कायम किया गया। समस्त आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया।

अभियोजन द्वारा सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये। विचारण उपरांत तृतीय अपर जिला न्यायालय ने आरोपी अनुदीप उर्फ अभि एवं नंदराम चौरसिया को भादवि की धारा 307/34 में 10 - 10 वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड धारा 324/34 में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक हजार रूपयें के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## पुलिस ने साइबर ठगी के 30 हजार कराए वापस, पीड़िता ने थाने में बांटी मिठाई



**हरपालपुर।** साइबर ठगों के जाल में फंसी एक महिला के लिए थाना हरपालपुर पुलिस ने उम्मीद की किरण बनकर कमाल कर दिखाया। महिला के बैंक खाते से अज्ञात ठगों ने कुल 40,900 की राशि निकाल ली थी। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी हरपालपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। संबंधित बैंक अधिकारियों और साइबर सेल के साथ बेहतरीन समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को ट्रेस किया गया। पुलिस की अथक मेहनत और तकनीकी जांच के चलते सफलता मिली और पीड़िता के खाते में 30,000 की राशि वापस ट्रांसफर करा दी गई। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शेष बची राशि भी जल्द ही वापस दिलाई जाएगी। राशि वापस मिलने पर भावुक हुई पीड़िता ने विशेष रूप से थाना हरपालपुर पहुंचकर थाना प्रभारी और पूरी पुलिस टीम को मिठाई खिलाई। उन्होंने पुलिस की तत्परता और समर्पण की जमकर सराहना की तथा आभार जताया।



## रेबीज से बचाव के लिए जिला अस्पताल और नगरपालिका अलर्ट

**छतरपुर में रोजाना 80-90 मरीजों को लग रहा है एंटी-रेबीज टीका, 4039 डोज उपलब्ध**

**छतरपुर।** रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिला अस्पताल में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत अस्पताल में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और प्रतिदिन औसतन 80 से 90 मरीजों को निशुल्क एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है। कुत्ते, बिल्ली, चूहे या अन्य आवारा जानवरों के काटने पर तुरंत इलाज अनिवार्य है, क्योंकि रेबीज से मौत निश्चित हो सकती है।

टीकाकरण केंद्र की इंचार्ज रितु त्रिवेदी ने बताया कि जिला अस्पताल में फिलहाल 4039 डोज का स्टॉक उपलब्ध है। नए प्रोटोकॉल के अनुसार इंट्राडर्मल रूट से वैक्सीनेशन किया जा रहा है, जिसमें मात्र 0.1 द्रव्य की खुराक त्वचा की ऊपरी परत में दी जाती है। यह कुल चार डोज में लगाई जाती है काटने के दिन, फिर तीसरे, सातवें और 28वें दिन। गंभीर मामलों में रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन भी उपलब्ध कराई जाती है। सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने लोगों से अपील की है कि किसी भी जानवर के काटने या खरोंचने पर सबसे पहले घाव को साबुन और बहते पानी से 15-20 मिनट तक अच्छी तरह धोएं। इससे वायरस फैलने की संभावना काफी कम हो जाती है। इसके बाद तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से परामर्श लें। यदि किसी क्षेत्र में वैक्सीन की कमी हो तो जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित करें। नगरपालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और हमलों को देखते हुए एबीसी सेंटर स्थापित करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। मार्च तक टेंडर खुल जाएगा। इसके बाद केंद्र में कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। साथ ही आश्रय योजना के तहत पागल या आक्रामक कुत्तों को पकड़कर वहां रखा जाएगा।

# पारंपरिक खेलों का पुनरुद्धार, अब मैदान में दौड़ेंगे पारंपरिक खेल

### राज्य मंत्री ने खिलाडि़यों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की

**छतरपुर।** नवाचार के अंतर्गत पारंपरिक खेलों को फिर से जीवंत करने की दिशा में जिला पंचायत छतरपुर ने एक सराहनीय कदम उठाया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय लंगड़ी खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शहर के पंडित बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से कुल 64 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार और विधायक ललिता यादव उपस्थित रहीं। जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अर्जरिया ने आयोजन के उद्देश्य और नवाचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्बोधन के दौरान राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार उन पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दे रही है जो समय के साथ विलुप्त हो रहे थे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार खेलों को विशेष महत्व देती है। प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ी खेलें और आगे बढ़ें, सरकार उनके साथ खड़ी है। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए अपनी ओर से प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की।

विधायक ललिता यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें, यही सरकार



की सोच है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जब मैदान पर लंगड़ी दौड़ शुरू हुई तो दर्शकों और अतिथियों के चेहरे खिल उठे। इस पारंपरिक खेल को इतने भव्य स्तर पर आयोजित देख कई लोगों ने अपने बचपन के दिनों को याद किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बॉयज वर्ग में यशवंत पटेल ने प्रथम, प्रथम परिहार ने द्वितीय और संदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स वर्ग में कामिनी यादव प्रथम, तारा यादव द्वितीय और नंदनी यादव तृतीय रहीं। इन सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसके अलावा रेशमा, क्रांति और अक्षिता सिंह जैसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले अन्य खिलाडियों को भी प्रोत्साहन राशि दी गई।

## छतरपुर में ठेकेदारों के तकनीकी विकास में एसीसी ने की मदद

**छतरपुर।** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और सबसे तेजी से बढ़ती भवन निर्माण सामग्री और समाधान कंपनी एसीसी व्यावहारिक तकनीकी मार्गदर्शन और सुनियोजित फील्ड सहयोग के माध्यम से मध्य प्रदेश के स्थानीय ठेकेदारों को सशक्त बनाना जारी रखे हुए है। छतरपुर में ठेकेदार श्री महेंद्र मिश्रा एक छोटे राजमिस्त्री से सम्मानित निर्माता बन गए हैं, जिन्हें आज उनके तकनीकी ज्ञान और एसीसी के साथ उनके भरोसेमंद जुड़ाव के लिए जाना जाता है।श्री महेंद्र ने अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने के दृढ़ संकल्प के साथ अपने पिता से राजमिस्त्री का काम सीखकर अपने करियर की शुरुआत की। शुरुआत में छोटे प्रोजेक्ट्स पर काम करते हुए उन्होंने जल्द ही अधिक उन्नत निर्माण पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता महसूस की। एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब वे एक एसीसी इंजीनियर के संपर्क में आए, जिन्होंने उन्हें बांध निर्माण विधियों से परिचित कराया और प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इन सत्रों ने उन्हें अपनी तकनीकों को उन्नत करने और अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद की। आज श्री महेंद्र 10 सक्रिय साइटों की देखरेख करते हैं और सभी परियोजनाओं में एसीसी का उपयोग करते हैं, जिसमें स्लैब एप्लिकेशन के लिए एसीसी गोल्ड को प्राथमिकता दी जाती है। उनकी श्रम शक्ति को एसीसी इंजीनियरों द्वारा नियमित रूप से साइट पर सहायता मिलती है, जिसमें स्लैब ढलाई, भूकंपरोधी स्टील टाईंग और इंस्टेंट मिक्स प्रोपोर्शन (आईएमपी) का प्रशिक्षण शामिल है, जिससे मिश्रण की स्थिरता और समग्र मजबूती में सुधार होता है।अब आस-पास की तहसीलों में 'महेंद्र मिश्रा एसीसी' के नाम से व्यापक रूप से जाने जाने वाले उनकी प्रगति एसीसी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि स्थानीय ठेकेदारों को आधुनिक निर्माण में विश्वास और सटीकता के साथ नेतृत्व करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और सेवाएं प्रदान की जाएं।

## छतरपुर के आयुष ने छत्तीसगढ़ में गाड़ा सफलता का झंडा, सिविल जज परीक्षा में पुरुष वर्ग में बने 'टॉपर'



**छतरपुर।** शहर के एक मध्यमवर्गीय परिवार के लाडले ने अपनी मेहनत और मेधा से इतिहास रच दिया है। आयुष चौरसिया ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल जज परीक्षा 2024-25 में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। आयुष ने न केवल इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण किया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान और ओवरऑल सूची में तीसरी रैंक प्राप्त कर छतरपुर का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

**इंटरव्यू के कुछ घंटों बाद ही मिली 'बड़ी खबर**

आयुष की यह सफलता किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है। 19 फरवरी को वे रायपुर में इंटरव्यू बोर्ड के सामने पेश हुए थे। साक्षात्कार खत्म होने के बाद देर रात जैसे ही परिणाम घोषित हुए, आयुष का नाम टॉपर्स की लिस्ट में चमक रहा था। खबर मिलते ही छतरपुर स्थित उनके निवास पर जश्न का माहौल हो गया और शुभचिंतकों का तांता लग गया।

**शिक्षक माता-पिता का सपना किया साकार**

आयुष की सफलता के पीछे एक शिक्षित और अनुशासित परिवेश का बड़ा हाथ है। उनके पिता हरगोविंद चौरसिया 'ललन जू की पुरवा स्कूल में शिक्षक हैं, वहीं माता गायत्री चौरसिया भी 'बडेरा पुरवा गांव में शिक्षिका के रूप में बच्चों का भविष्य संवार रही हैं। आयुष की बड़ी बहन डॉ. आयुषी चौरसिया भी चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। परिवार ने भावुक होते हुए कहा, 'आयुष की मेहनत रंग लाई, चयन की खबर मिलते ही आंखों में खुशी के आंसू थे।'

**नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ सफर**

आयुष ने अपनी एलएलबी (ऑनर्स) की डिग्री धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से पूरी की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अध्ययन, कठिन परिश्रम और माता-पिता के संस्कारों को दिया है। आयुष की इस उपलब्धि ने छतरपुर के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा की एक नई मिसाल पेश की है।

## राहुल गांधी के विरोध में युवा मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

**कांग्रेस कार्यालय के बाहर पुतला दहन, पुलिस से झड़प**



**छतरपुर।** शनिवार शाम करीब 5 बजे भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एआई इम्पैक्ट समिट विवाद में कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ तीखा विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों को देशविरोधी करार देते हुए जोरदार नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने चौबे कॉलोनी से पैदल रैली निकाली और डाकखाना चौराहे तक पहुंचकर राहुल गांधी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। रैली कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ी, जहां कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन का प्रयास किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ते हुए पुतला फूंक दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने जलते पुतले से ज्वलनशील पदार्थ हटाकर आग पर काबू पाया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा, कांग्रेस की कथित देशविरोधी नीतियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यदि ऐसी गतिविधियां जारी रहीं तो आंदोलन और तेज होगा। प्रदर्शन में युवा मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

## 8वीं की छात्रा को शराब पिला कर गैंग रेप

**रीवा ।** शहर के सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है,इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कक्षा आठवीं की छात्रा को दो आरोपियों ने किराए के मकान में ले जाकर पहले शराब पिलाई और उसके बाद गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया,आरोपियों की चंगुल से निकली छात्र परिजनों के पास पहुंची जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को हुई,पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि छात्रा का मेडिकल परीक्षण करने के बाद मामले की जांच की जा रही है,घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली छात्रा जो सामान थाना क्षेत्र में रहती है 19 फरवरी की रात्रि तकरीबन 9 बजे घर से निकली थी,जिसके बाद छात्रा का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने उसके गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी,पुलिस के मुताबिक छात्र 20 फरवरी की सुबह घर के पास ही मिल गई जिसके बाद छात्रा ने परिजनों को बताया कि उसे बोलेरो सवार दो युवक अपने साथ किराए के मकान मिले गए थे जहां उसे धोखे में रखकर कोल्ड ड्रिंक के बहाने शराब पिला दी जिसके बाद छात्रा नशे में आ गई तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया,छात्रा ने बताया कि होश में आने के बाद वह सुबह किसी प्रकार से आरोपियों के चंगुल से निकली और सीधे परिजनों के पास पहुंची।पुलिस ने पीड़ित छात्रा की शिकायत पर आरोपी शुभम यादव उर्फ लोहा सिंह और कान्हा पाण्डेय दोनों निवासी ग्राम अहिरगाव थाना गोविंदगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस इस पूरे मामले की फिलहाल जांच कर रही है।

## ठेका विवाद में मजदूर ने ठेकेदार पर किया चाकू से हमला

**रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहे पर ठेका लेने को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर ने ठेकेदार पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। जानकारी के अनुसार घायल कमलेश ठाकुर निवासी कटनी, रीवा में ठेके पर निर्माण कार्य लेने का कार्य करते हैं। शुक्रवार को वह अस्पताल चौराहे के पास एक व्यक्ति से ठेका कार्य को लेकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक मजदूर वहां पहुंचा, जो उसी काम का ठेका स्वयं लेना चाहता था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ठेका लेने की बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी मजदूर ने गुस्से में आकर कमलेश ठाकुर के सिर पर चाकू से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है,सूचना मिलते ही अमहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला ठेका कार्य को लेकर आपसी विवाद का सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर नगर परिषद गुढ़ द्वारा खुली लूट का आरोप

**रीवा।** नगर परिषद गुढ़ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर घरेलू उपभोक्ताओं से जबरन वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीआईसी के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक घर से 720 रुपये प्रतिवर्ष, अर्थात 60 रुपये प्रतिमाह की दर से राशि वसूली जा रही है, जबकि कई वार्डों में कूड़ा संग्रहण की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है। वार्ड क्रमांक 10 निवासी आशीष कुमार सेन ने इस वसूली की पोल खोलते हुए बताया कि उनके घर तक आज तक एक भी बार कूड़ा वाहन नहीं पहुंचा, बावजूद इसके उनसे 720 रुपये वार्षिक शुल्क वसूल लिया गया। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं को नियमों और कार्रवाई का भय दिखाकर राशि ली जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये की वसूली की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर सेवा उपलब्ध नहीं कराई जा रही। कई वार्डों में कूड़ा वाहन नियमित नहीं पहुंचते, जिससे लोगों को स्वयं ही कचरा निस्तारण की व्यवस्था करनी पड़ रही है। नागरिकों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा वसूली गई राशि का हिसाब सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

# सुपर स्पेशलिटी से मरीजों को अन्यत्र रेफर न किए जाने के प्रयास हों - उप मुख्यमंत्री

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा में डीएम कार्डियोलॉजी के लिए चार सीटें हुई स्वीकृत

**रीवा ।**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अस्पताल में डीएम कॉर्डियोलॉजी के लिए चार सीटों की स्वीकृति हो गई है। अब यहाँ इस वर्ष से डीएम कॉर्डियोलॉजी की पढ़ाई होगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा एवं हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में रीवा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, रीवा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से डीएम कार्डियोलॉजी) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त हो गई है। संस्थान को कुल चार डीएम कार्डियोलॉजी सीटों की स्वीकृति मिली है। हाल ही में घोषित नीट एसएस 2025-26 के परिणाम के पश्चात अब चयनित विद्यार्थी रीवा में प्रवेश लेकर सुपर-स्पेशियलिटी स्तर की हृदय रोग शिक्षा प्राप्त करेंगे। इससे न केवल विंध्य क्षेत्र बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में उन्नत कार्डियोलॉजी सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी। डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने से रीवा मेडिकल कॉलेज अब सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नए आयाम की ओर अग्रसर होगा तथा क्षेत्रीय मरीजों को अत्याधुनिक हृदय उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सतत प्रयास किया गया। साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन,



अधिष्ठाता तथा कार्डियोलॉजी विभाग के समस्त फैकल्टी सदस्यों के निरंतर शैक्षणिक एवं संस्थागत प्रयासों से यह लक्ष्य संभव हो सका है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से मरीजों को अन्यत्र रेफर न किए जाने के प्रयास हों, बल्कि बाहर के मरीज भी यहाँ इलाज के लिए आएं।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ है। यहाँ के चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा पूरी लगन व मेहनत से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। प्रदेश भर में इस अस्पताल द्वारा किए गए चिकित्सा इलाज की चर्चा है। यह अस्पताल प्रदेश के अन्य सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की तुलना में सबसे ज्यादा मरीजों को इलाज की सुविधा देने वाला अस्पताल बना है। अब इस अस्पताल में डीएम कॉर्डियोलॉजी के पद स्वीकृत हुए हैं। शीघ्र ही यहाँ अन्य विभागों में एमसीएच की सीटें भी स्वीकृत होंगी। शुक्ल ने बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा कार्यरत चिकित्सकों की पदोन्नति व उनको मिलने वाले इंसेन्टिव के विषय में भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नियत समयावधि पूर्ण करने पर चिकित्सकों को अगले पद पर तत्काल पदोन्नति दें। उन्होंने चिकित्सकों व स्टाफ से अपेक्षा की कि इसी तरह मनोयोग से मरीजों का इलाज करते रहें। इस अवसर पर बताया गया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में वर्ष 2020 में 155, वर्ष 2021 में 1749, वर्ष 2022 में 2501, वर्ष 2023 में 2846, वर्ष 2024 में 2254 एवं वर्ष 2025 में 2327 एंजियोग्राफी की गईं। जबकि वर्ष 2020 में 80, वर्ष 2021 में 832, वर्ष 2022 में 1595, वर्ष 2023 में 1685, वर्ष 2024 में 1500 व 2025 में 1371 मरीजों की एंजियोप्लास्टी की गई। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब तक 29 मरीजों की ओपेन हार्ट सर्जरी की जा चुकी है। इसी प्रकार अस्पताल में 8 मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, डॉ. मनोज इंदुलकर, अधीक्षक संजय गांधी डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, डॉ. व्हीडी त्रिपाठी, डॉ. अवनीश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के चिकित्सक उपस्थित रहे।

## हनुमना के लोढ़ी में तेंदुए का आतंक 15 बकरियों पर किया हमला, बचाने पहुंचे युवक पर भी किया प्राणघातक हमला



**मऊगंज** जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत लोढ़ी बंदडोगवा गांव में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खूंखार तेंदुए ने एक घर में घुसकर भारी तबाही मचाई। आदमखोर हो चुके इस शिकारी ने न केवल मवेशियों को निशाना बनाया, बल्कि बीच-बचाव करने आए एक युवक पर भी जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना आधी रात की है जब गांव के लोग गहरी नींद में थे। तेंदुआ दबे पांव गांव के एक कच्चे घर में दाखिल हुआ, जहाँ बकरियां बंधी हुई थीं। घर के अंदर घुसते ही तेंदुए ने हिंसक हमला शुरू कर दिया। देखते ही देखते खूंखार शिकारी ने 15 बकरियों को अपना निवाला बना लिया।

### बचाने पहुंचे युवक पर हमला

बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब घर का युवक उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, तो सामने साक्षात मौत देख उसके होश उड़ गए। तेंदुए ने युवक पर भी पूरी ताकत से हमला कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद तेंदुआ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकला। घायल युवक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

### पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल

इस घटना के बाद से लोढ़ी बंदडोगवा और आस-पास के गांवों में भारी दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही अब लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में पिंजरा लगाया जाए और तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाए, ताकि जान-माल का और नुकसान न हो।

## सुनियोजित तरीके से रीवा में विकास के कार्य किए जा रहे हैं - डिप्टी सीएम

# उप मुख्यमंत्री ने व्यंकट क्लब के नवीन भवन का किया लोकार्पण

**रीवा ।**

उप मुख्यमंत्री राजेनद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के कार्य सुनियोजित तरीके से कराए जा रहे हैं। रीवा अलग तरीके से विकसित हो रहा है। आने वाली पीढ़ी को एक ऐसे रीवा की सौगात दिए जाने के प्रयास हैं जहाँ सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हो तथा उन्हें अच्छा माहौल भी मिले। उप मुख्यमंत्री ने 164.01 लाख रुपए से निर्मित व्यंकट क्लब के नवीन भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर क्लब से शहर की पहचान होती है। व्यंकट क्लब की रीवा में अपनी एक अलग पहचान है। अब इसके नवीन भवन के बन जाने से अन्य शहरों के क्लब के साथ इसका एमओयू होगा तो बाहर के लोग आकर यहाँ की व्यवस्थाओं और सुविधाओं की चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि नवीन भवन में शीघ्र फर्नीचर व अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में पुनर्घनत्वीकरण से हुए कार्यों की अपनी एक अलग ही सुंदरता है। उन्होंने निर्माण एजेंसी व संविदाकार को बेहतरीन क्लब भवन निर्माण के लिए धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में हवाई सुविधाओं के विस्तार के बाद से मात्र दो माह में 11 हजार लोग हवाई सफर कर चुके हैं। रीवा-दिल्ली वायुयान सेवा पूरे सप्ताह चलाए जाने तथा रीवा से रायपुर के लिए हवाई सेवा शुरू करने के कार्य प्राथमिकता में हैं। उन्होंने रीवा से सिंगरौली रेल लाइन व सिंचाई के लिए नईगढ़ी माइक्रो की प्रगति में कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा किए जा रहे सतत मानीटरिंग के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष एवं सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह



ने कहा कि क्लब को बेहतर बनाने के सभी प्रयास होंगे। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से क्लब को नवीन भवन की सौगात मिली है। रीवा शहर मध्यप्रदेश का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। रीवा जिला उत्तरोत्तर नई उड़ान व ऊंचाईयों को छू रहा है। क्लब के पदेन अध्यक्ष रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि रीवा की पहचान में क्लब के नए भवन का नाम भी जुड़ गया है। क्लब के सशक्त होने से स्वस्थ नागरिक व सशक्त समाज का निर्माण होता है। क्लब वह स्थान है जहाँ लोगों का आपस में मेल-जोल बढ़ता है। उन्होंने सदस्यों से यहाँ की सुविधाओं का उपयोग करने की अपेक्षा की। जामोद ने कहा कि क्लब के प्राचीन ऐतिहासिक भवन का पुनरूद्धार होगा तथा क्लब परिसर की खुली भूमि का बेहतर उपयोग भी किया जाएगा। महिला क्लब को भी वैधानिक मान्यता दी जाएगी और आने वाले दिनों में अच्छी गतिविधियाँ संचालित होंगी। इ स से पूर्व क्लब के मानसेवी सचिव डॉ. आनंद सिंह ने जानकारी दी कि व्यंकट क्लब की स्थापना 1937 में हुई थी। अब इसका नवीन भवन बन बया है। उन्होंने नवीन भवन में फर्नीचर व्यवस्था की मांग की। श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि सभी के सहयोग से क्लब उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। कार्यक्रम में तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि 164.01 लाख रुपए से निर्मित दो मंजिले क्लब भवन के भूतल में रेस्टोरेंट, हॉल तथा प्रथम तल में 8 कमरों का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरजीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, पूर्व सांसद देवराज सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, जयंत खन्ना, संजय सिंह चौहान सहित क्लब के सदस्य व आमजन उपस्थित रहे।

## एसआईआर का काम पूरा, रीवा की नई वोटर लिस्ट तैयार

# नई मतदाता सूची में दर्ज हैं 1327305 मतदाता

### मनगवां में सबसे ज्यादा तो रीवा में सबसे कम मतदाता, जेंडर रेशियो में रीवा अव्वल

**रीवा ।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरा हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशों के अनुसार जिले में अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया गया है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों 68-सिरमौर, 69-सेमरिया, 70-त्योंथर, 73- मनगवां, 74-रीवा तथा 75- गुढ़ में मतदाता सूची का विहित रीति से अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियाँ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल की वेबसाइट में अवलोकन के लिए प्रदर्शित कर दी गई है। आमजन अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के पास भी उपलब्ध मतदाता सूची में अपना व अपने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम का अवलोकन कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में रीवा जिले में मतदाताओं की



कुल संख्या 13 लाख 27 हजार 305 है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में पुरूष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 99 हजार 380 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 6 लाख 27 हजार 919 है। जिले में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 1707, थर्ड जेंडर 6 और जेंडर रेशियो 898 है। सर्वाधिक मतदाता विधानसभा क्षेत्र मनगवां और सबसे कम मतदाता विधानसभा क्षेत्र रीवा में दर्ज किए गए हैं। भले ही रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या कम है लेकिन यहाँ का जेंडर रेशियो पूरे जिले में सबसे बेहतर है जो महिला मतदाताओं की अच्छी संख्या को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों में मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) चलाया गया। एसआईआर की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से 4 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुई। इस दौरान बीएलओ ने मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे किया। सर्वे के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े गए और मृत तथा स्थाई रूप से पलायन करने वाले मतदाताओं के नाम हटाए गए। इस पूरी प्रकिया के बाद अंतिम रूप में मतदाता सूची प्रकाशित की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 21 हजार 394 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 17 हजार 86 और महिला मतदाता एक लाख 4 हजार 306 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 277, थर्ड जेंडर 2 और जेंडर रेशियो 891 है। विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 20 हजार 642 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 16 हजार 556 और महिला मतदाता एक लाख 4 हजार 86 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 283 और जेंडर रेशियो 893 है। विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 12 हजार 733 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 12 हजार 784 और महिला मतदाता 99 हजार 947 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 265, थर्ड जेंडर 2 और जेंडर रेशियो 886 है। विधानसभा क्षेत्र मनगवां में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 44 हजार 83 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 29 हजार 561 और महिला मतदाता एक लाख 14 हजार 522 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 309 और जेंडर रेशियो 884 है। विधानसभा क्षेत्र रीवा में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख एक हजार 294 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 3 हजार 382 और महिला मतदाता 97 हजार 910 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 277, थर्ड जेंडर 2 और जेंडर रेशियो 947 है। विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 27 हजार 159 है, जिसमें पुरूष मतदाता एक लाख 20 हजार 11 और महिला मतदाता एक लाख 7 हजार 148 हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 296 और जेंडर रेशियो 893 है।

## विधानसभा अध्यक्ष का रीवा एयरपोर्ट में हुआ आत्मीय स्वागत

**रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का रीवा एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत किया गया। तोमर सतना जिले के धारकुण्डी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अल्प प्रवास पर वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री तोमर सड़क मार्ग से धारकुण्डी के लिए रवाना हुए।21/02/2026, 8:17**pm** - गुड्डू निगम रीवा: **IMG**-20260221-**WA**0036.**jpg** (**file attached**)21/02/2026, 8:19**pm** - गुड्डू निगम रीवा: उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग गौशाला का किया भ्रमण रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला का भ्रमण किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शुक्ल ने गौमाताओं को गौग्रास खिलाया। उन्होंने एसडीएम हुजूर से गौशाला के संचालन तथा चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।शुक्ल ने लक्ष्मणबाग स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।



## जिले में अवैध दवाखानों का फैला जाल, अमानक चल रहे कई क्लीनिक एवं नर्सिंग होम

### जिम्मेदारों की अनदेखी से झोलाछाप चिकित्सकों की फैली दुकानदारी, खुलेआम चल रहे अवैध दवाखाने

**मऊगंज** जिले में गैर डिग्री धारी झोलाछाप चिकित्सकों के खुले आम दवा खाने चल रहे हैं जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच कार्यवाही न किए जाने के कारण क्षेत्र में कुछ इस तरह का अवैध कारोबार दिन दूना रात चौगुना फल फूल रहा है। ऐसा भी नहीं की क्षेत्र में चल रहे इस तरह के अवैध कारोबार की शिकायतें नहीं होती बल्कि जमीनी हकीकत देखी जाए तो साल में एकाध कार्यवाही कर जिम्मेदार दोबारा निरीक्षण एवं कार्यवाही करना भूल जाते हैं जिसके कारण दवा माफिया का पूरे जिले में एक क्षत्र राज कायम है।



जिले की जमीनी हकीकत देखी जाए तो मऊगंज जिला मुख्यालय के साथ साथ हनुमना खटखरी पहाड़ी शाहपुर नईगढ़ी देवतालाब कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में झोलाछाप चिकित्सकों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। आलम कुछ इस कदर है कि कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में गांव गांव दवा माफिया अपना जाल बिछा चुका है। हालात यह है कि न केवल सैकड़ों की संख्या में मेडिकल स्टोर एवं फर्जी दवाखाने खुले हुए हैं जहां सिर्फ अमानक स्तर के दवाइयों की बिक्री होती है बल्कि झोलाछाप चिकित्सक एक विशेषज्ञ चिकित्सक की भांति अपने क्लीनिकों को संचालित कर रखे हैं।

**झोलाछाप चिकित्सकों का लगा अंबार -** अवैध दवाखाने का यह गोरखधंधा विस्तार से फल-फूल रहा है। झोलाछाप चिकित्सकों का अंबार लगा हुआ है, वहीं नकली दवाओं की बिक्री खुलेआम की जाती है, इन मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले अधिकतर व्यक्तियों के पास मेडिकल स्टोर संचालन का न तो लाइसेंस है और न ही उनके अनुरूप किसी भी प्रकार की डिग्री, फिर भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आला अधिकारियों और ड्रग विभाग की तथाकथित मिलीभगत से कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचल में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खुले हुए हैं। सूत्रों की माने तो इन दवाखानों में उत्तर प्रदेश बिहार जैसे राज्यों से अमानक स्तर की दवाई बिक्री करने वाले माफिया गिरोह का अवैध व्यवसाय खुलेआम अंचल में चल रहा है।

**गैर डिग्री धारी चला रहे मेडिकल स्टोर एवं दवाखाना-** जिले के नईगढ़ी देवतालाब तमरी मऊगंज ढेरा पहाड़ी रामपुर हनुमना जैसे कस्बाई क्षेत्रों सहित अंचल के ग्रामीण रामपुर भीर कुशहा देवरिहन गांव बंधवा डिहिया पडांन शिवराजपुर अष्टभुजा धाम जोरौट खर्रा डिलहा पहाड़ी शाहपुर खटखरी हाटा बन्ना पाती फूल बहुती देवतालाब तमरी सीतापुर जैसी बसाहटो में संचालित झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर अधिकतर उधार की डिग्री में चलाए जा रहे हैं। इनकी हकीकत यह है कि मेडिकल स्टोर की योग्यता रखने वाला व्यक्ति या तो नौकरी करता है या कहीं और रह रहा है। जबकि गैर डिग्री धारी अयोग्य व्यक्ति झोलाछाप चिकित्सक की तरह मेडिसिन के बारे में कुछ ना जानने वाला व्यक्ति उधार की डिग्री में खुलेआम मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं और जिम्मेदार अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है यहां तक की कई दुकानों में स्कूली बच्चे दवा बेचते देखे जाते हैं।

**कागजों तक सीमित निरीक्षण एवं कार्यवाही-** जिला मुख्यालय सहित अंचल के कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहे झोलाछाप चिकित्सकों के अवैध दवाखानों का निरीक्षण यदि एक दो बार को छोड़ दिया जाए तो किसी भी जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारी या जांच अमले को नहीं देखा गया। सूत्रों की माने तो इन अवैध दवा विक्रेताओं और मेडिकल अधिकारियों एवं विभाग के आला अफसरों का तथाकथित विधिवत समझौता चलता है।